हरिभूमि भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, बुधवार 9 सितंबर 2026

11 143 हड़ताली सफाईकर्मियों को अंतिम नोटिस की...

12 जिले में 12 लोग स्वाइन फ्लू से ग्रस्त, 11 हुए ठीक...

GEETA NIKETAN COLLEGE OF NURSING

Recognised by HNRC Panchkula (Govt. of Haryana) Affiliated by Pt. B.D. Sharma U.H.S. Rohtak

REGISTRATION OPEN
Session 2026-27
AC HOSTEL Facility Available

P.B. B.Sc. NURSING – 2 Years GNM Pass
GNM – 3 Years 12th Any Stream – No Fees for S.C. Students
ANM – 2 Years 12th Any Stream – No Fees for S.C. Students
B.Sc. NURSING – 4 Year | 10+2 (Medical)

Loharu Road, Charkhi Dadri M. 9812538777, 9034669933

मम्मी पापा की पहली पंसद
दादरी का पहला (AC) Soft Play Station वाला स्कूल
हर कदम सफलता की ओर...

FIRST STAIR PLAY SCHOOL

SHANKAR COLONY, CHARKHI DADRI

ADMISSION OPEN
Recognised by Govt. of Haryana
Charkhi Dadri's Best Play School
With Expert Teachers

Why Choose Us?
- Smart & Air-Conditioned Classrooms
- Experienced & Caring Teachers
- Safe, Hygienic & Secure Campus
- School Van Facility Available
- Fun Activity Zone & Toy Train

At First Stair Play School, we believe every child deserves a happy, safe, and creative start to their education.

Call Now 90500-44292

चरखी दादरी में पहली बार अनुभवी एवं सुशिक्षित (M.B.B.S.) चिकित्सक द्वारा
एक कदम मानवता की ओर बढ़ाते हुए नर सेवा नारायण सेवा के भाव से

कलावती हॉस्पिटल

सही परामर्श उचित इलाज डे-केयर

Timing
Morning: 9:00 AM to 2:00 PM | Evening: 5:00 PM to 7:00 PM

DR. ASHMITA PHOGAT
M.B.B.S. (MIAAH), (HN-27538)
GENERAL PHYSICIAN

पता : शंकर कॉलोनी, तिकोना पार्क, चरखी दादरी
Contact:8003-99-8004

MAHILA MAHAVIDYALAYA, JHOJHU KALAN

Haryana Govt. Aided & Affiliated to C.B.L.U., Bhiwani

WOMEN COLLEGE OF EDUCATION, JHOJHU KALAN

Affiliated to Chaudhary Bansi Lal University, Bhiwani
Run by Jhojhu Kalan Shiksha Avam Jan kalyan Samiti, Jhojhu Kalan

ADMISSION OPEN B.E.d/UG/PG

आप सभी को हरिभूमि के 31वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

Institutions of Quality Education for Women

Course	Seats	Course	Seats
B.A.	480	M.A. History	40
B.Com.	80	M.Sc. Geo.	120
B.Sc. (Phy. Sci.)	160	M.Sc. Physics	20
B.Sc. (Life Sci.)	60	M.Sc. Chemistry	30
M.A. Hindi	60	P.G.D. Yoga Sci.	30
M.A. Pol. Sci.	60		

B.Ed. 100
D.EL.Ed. 50

महाविद्यालय की ओर से यह जानकारी दी गई कि छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय परिवहन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि चरखी दादरी जिले के किसी गाँव, क्षेत्र अथवा एक ही मार्ग (रूट) से महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाली छात्राओं की संख्या पर्याप्त होती है, तो महाविद्यालय प्रशासन उस मार्ग पर बस सेवा प्रारम्भ करने के लिए तैयार है।

B.Sc. (Life Sci.) Seats 60

HURRY UP!
BA/B.SC./B.Com
M.A. / M.Sc.
PGD Yoga Sc.
Wait for further updates on Last Date
College Campus

विश्वविद्यालय में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं को महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा 51,000 रु. का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

Course Offered
- B.A. (Hindi, English, History, Geography, Political Science, Physical Education, Maths, Economics, Sanskrit, Music (Vocal), Psychology, Fine Arts, Home Science)
- B.Com (Pass Course)
- B.Sc. (Life Sci./Phy. Sci.)
- M.A. (Hindi)
- M.A. (History)
- M.A. (Political Science)
- M.Sc. (Physics)
- M.Sc. (Chemistry)
- M.Sc. (Geography)
- P.G. Diploma (Yoga Science)

Documents required at the time of applying online:
- Family ID (PPP)
- Aadhar Card
- ABC/Appar ID
- Mobile Number
- Caste Certificate
- Passport Size Photograph
- DMC of 10th, 12th.
- Character Certificate
- Weightage Certificate (If any)
- Gap Affidavit (if any)

OUR SPECIAL FEATURES

➢ A modern library equipped with numerous books and Wi-Fi connectivity. ➢ Advanced laboratories for Science, Maths ➢ Computer Studies and Geography. ➢ 2 units of N.S.S. ➢ 1 Proposed unit of N.C.C. ➢ Highly qualified and Dedicated Faculty. ➢ Spacious Campus with Smart Class Rooms. ➢ Sports, Cultural, YRC, Red Ribbon Club, Eco Club. ➢ महाविद्यालय में पंजीकृत वे छात्राएँ जो स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेंगी, उन्हें प्रवेश प्रक्रिया के दौरान शुल्क में 10% की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। ➢ मेधावी, खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली तथा असाधारण प्रतिभा सम्पन्न छात्राओं को प्रवेश शुल्क में 50% रियायत प्रदान करते हुए प्रवेश दिया जाएगा। ➢ महाविद्यालय परिसर में सभी प्रतियोगी परीक्षाओं (Govt. Jobs) हेतु उत्कृष्ट कोचिंग। ➢ दूरदराज क्षेत्रों एवं विभिन्न गाँवों से आने वाली छात्राओं हेतु महाविद्यालय द्वारा 4 बसों की निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध है।

Free Coaching for Govt. Jobs through CZS Academy Experts | Website: www.mmjk.ac.in
Contact Information: College 9416524348 | President 9812940348 | Principal 9416277177

GIVING WINGS TO YOUR DREAMS – अलार INSTITUTE

अलार INSTITUTE

"Giving Wings to Your Dreams"

सैनिक स्कूल मिलिट्री स्कूल
Evening/Dropper Batches for NEET/NDA
FOUNDATION BATCHES NEET IIT-JEE NDA from 6th Onwards
Separate Hostel Facility for Boys and Girls

सभी क्षेत्रवासियों को हरिभूमि के 31वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

Chairperson Sh. Balbir Singh (Ex. BEO)
Director Dr. Arun Sheoran (Ph.D, NET)

Address : Opp. Mittal Petrol Pump, Loharu Road, Ch. Dadri
Contact No. : 97111-99801, 97111-49801

सर्वश्रेष्ठ | श्रीराम
कामयाब बनो, श्रीराम को चुनो

SHREE RAM PUBLIC SCHOOL

Kanhra-Badhra (Charkhi Dadri) Haryana-127308
Affiliated to CBSE- 532046

10th Topper Bhavesh

JEE
ANSHU IIT Kharagpur
Aman Kumar IIT Roorkee (Computer science Branch)
Kashish AIT Pune (Computer Science Branch)

12th Topper Ritu

NEET
Dimpy (NEET Qualifer)
Chanchal MBBS PGI Rohtak
Manu kumari (MBBS Kathua)
Annu Kumari (MBBS Khanpur khurd)
Snehlata (MBBS Khanpur khurd)
Anjali Kumari (MBBS PGI Rohtak)
Ekta (NEET Qualifer)
Dipti (MBBS Khanpur khurd)

Sainik School Entrance Exam Qualifier Chirag Kapoor

(1st at State Level in Vikshit Bharat Buildathon Programme
Neha, Mahak, Anshika, Khushi, Harsh

Selected Students

Navy	- 2	Pharmacist	- 5
Army	- 7	CA Qualifier	- 3
Airforce	- 5	Assistant Professor	- 1
B.Sc. Nursing	- 5	Group D	- 12
UGC NET Qualifier	- 3	Head Constable Delhi Police	- 1
NDA Qualifier	- 5	Haryana Police	- 1

सभी क्षेत्रवासियों को हरिभूमि के 31वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

1st State Level Olympiad Amar Ujala
Tejaswi Aarya, Yuvika

खबर संक्षेप

सरसों के तेल वितरण की अवधि 15 तक बढ़ी

भिवानी। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अपार तिवारी ने बताया कि मई में सरसों तेल का वितरण नहीं हो पाने के कारण बकाया सरसों तेल के वितरण की अवधि 15 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। पात्र लाभार्थियों को सरसों के तेल का वितरण पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। विभाग ने पात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी डिपो होल्डर से बायोमेट्रिक पिन के माध्यम से सरसों तेल प्राप्त करें।

एससीवीटी ट्रेडों में आवेदन का आज अंतिम दिन

भिवानी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) भिवानी के प्रधानाचार्य पंकज सोनी ने बताया कि संस्थान में एससीवीटी ट्रेडों में प्रवेश की अंतिम तिथि 09 सितंबर निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अंतिम तिथि तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिवानी में 5 जी नेटवर्क टेक्नीशियन ट्रेड में सीटें रिक्त हैं। इस ट्रेड में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना तथा फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं मैथमैटिक्स (पीसीएम) विषय होना आवश्यक है।

प्री-लोक अदालत का आयोजन कल होगा

भिवानी। राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार अदालतों में लंबित मामलों के शीघ्र एवं सहमति से निपटान को 10 सितंबर को जिला स्तर पर स्थायी लोक अदालत में प्री-लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य पक्षकारों को न्यायालय की लंबी प्रक्रिया से राहत दिलाते हुए आपसी समझौते के माध्यम से विवादों का सरल एवं त्वरित समाधान उपलब्ध करवाना है। स्थायी लोक अदालत की सदस्य सुमन बजाड़ ने बताया कि लोक अदालत आमजन के लिए विवादों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सुलझाने का सुलभ और प्रभावी माध्यम है। यहां दोनों पक्षों की सहमति एवं राजीनामे के आधार पर मामलों का अंतिम निस्तारण किया जाता है।

मयंक मिश्रा ने संभाला एसपी का कार्यभार

भिवानी। कानून व्यवस्था सुदृढ़ करना, महिला विरुद्ध अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई, साइबर अपराध की रोकथाम, नशा तस्करी एवं संगठित अपराध पर कड़ा प्रहार, भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस तथा यातायात व्यवस्था में सुधार पर विशेष फोकस रहेगा। नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा ने जिला पुलिस भिवानी के पुलिस अधीक्षक के पद का कार्यभार संभाल लिया है। मयंक मिश्रा वर्ष 2020 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी हैं। कार्यभार संभालने के बाद एसपी मयंक मिश्रा ने कहा कि जिला भिवानी में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखना तथा आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

नशा तस्करी के आरोप में मकान से महंगा घरेलू सामान जब्त

चरखी दादरी। एसपी लोगेश कुमार पी के निर्देश पर पुलिस अब नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ नशे के कारोबार से अर्जित कथित अवैध संपत्ति पर भी कानूनी शिकंजा कस रही है। थाना बाढडा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपित के मकान पर तलाशी एवं जब्ती की कार्रवाई की। एएसआई सुनील के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पिचौपा कलां निवासी अजय के मकान की नियमानुसार तलाशी ली। पुलिस को मकान से कई कीमती एवं विलासितापूर्ण घरेलू सामान मिला जिसे जब्त कर लिया गया।

दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंग : उपायुक्त

जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने 372 दिव्यांगजनों को वितरित किए सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग

एलिम्को और अरावली पावर कंपनी के सहयोग कार्यक्रम करवाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा एलिम्को और अरावली पावर कंपनी के सहयोग से बाल भवन वाटिका परिसर में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीसी साहिल गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में 372 दिव्यांगजनों को एक करोड़ 81 लाख रुपये की लागत के 737 सहायक उपकरण व कृत्रिम अंग वितरित किए गए।

इस अवसर पर डीसी गुप्ता ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं। सरकार और जिला प्रशासन रेडक्रॉस के माध्यम से निरंतर दिव्यांगजनों की मदद में लगा है। एल्मिको और अरावली पावर कंपनी के सहयोग से समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित कर दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण व कृत्रिम अंग वितरित किए जाते हैं। जरूरतमंदों की पहचान के लिए जिला व खंड स्तर पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक के अलावा एलिम्को और अरावली पावर कंपनी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

भिवानी। दिव्यांगों को सहायक उपकरण देते हुए। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम के दौरान डीसी गुप्ता दिव्यांगजनों के बीच पहुंचे और उनका हालचाल जाना। डीसी ने दिव्यांगजनों की समस्याएं जानी और उनके निवारण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सहायक उपकरण व कृत्रिम अंग दिव्यांगजनों के जीवन को सरल व सुगम बनने में कारगर होंगे। दिव्यांगजनों ने विभिन्न क्षेत्रों में ऊंचाइयों को छूआ है। पैरा ओलंपिक खेलों में दिव्यांगजन अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है। उन्होंने दिव्यांगजनों से आह्वान किया कि वे कड़ी मेहनत कर अपनी विशेष पहचान बनाएं।

घर बैठे कर सकते हैं आवेदन

भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना से काम कर रही है। सरकार का मुख्य लक्ष्य पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अनेक प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं। जरूरतमंद लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। सरकार ने योजनाओं का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया की है। आज घर बैठे आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम में एपीसीपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्र पटेल ने कहा कि उनका हर संभव प्रयास रहता है कि दिव्यांगजनों की अधिक से अधिक मदद की जाए। दिव्यांगजनों की मदद करना एक समाज सेवा कार्य भी है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से एलिम्को के वरिष्ठ प्रबंधक हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि भारत सरकार दिव्यांग जनों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। एलिम्को के सहायक प्रबंधक एसके रथ ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कृत्रिम अंग या सहायक उपकरण दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने में कारगर साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के प्रति एलिम्को हमेशा समर्पित है।

1.87 करोड़ के उपकरण बांटे

कार्यक्रम के दौरान पूर्व में चिन्हित 372 दिव्यांगजनों को एक करोड़ 81 लाख रुपये की लागत के 737 सहायक उपकरण वितरित किए गए। सहायक उपकरणों में 278 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल व हेलमेट, 47 फोल्डिंग व्हीलचेयर, 06 ट्राई साइकिल, 15 सीपी कमोड चेयर, 200 बैसाखी, 106 वाकिंग स्टीक, 09 टीएलएम किट, 40 कान की मशीन, 5 जॉयस्टिक, 02 रोलेटर, 17 वाकर, 04 सुखमय केन, एक ट्राईपॉड, 07 किट शामिल थे।

सहायक उपकरणों के लिए लगाए जा रहे शिविर

चरखी दादरी। जिले में दिव्यांग व्यक्तियों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए विशेष जांच कैंपों का आयोजन किया जा रहा है ताकि जांच के बाद सभी पात्र दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए जा सकें। रेडक्रॉस सचिव बलवान सिंह ने बताया कि सोमवार सात सितंबर को बाढ़ड़ा उपमंडल कार्यालय में लगाए गए शिविर में 50 से अधिक दिव्यांगजनों की जांच की गई।

जिले में 14 सितंबर तक लगेंगे शिविर

इन शिविरों का आयोजन 14 सितंबर तक किया जाएगा। नौ सितंबर को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झोझू कलां, 10 सितंबर को मेन चौपाल पिचौपा कलां, 11 सितंबर को पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बौंद कलां, 12 सितंबर को हनुमान मंदिर मिसरी, 13 सितंबर को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चरखी दादरी और 14 सितंबर को एससी चौपाल मोरवाला में कैंप लगेगा।

बवानीखेड़ा। सूई लेफ्टिनेट चक्रपाणी को सम्मानित करते हुए।

सुई के चक्रपानी शर्मा लेफ्टिनेंट बने, गांव पहुंचने पर किया स्वागत

बवानीखेड़ा। गांव सुई के चक्रपानी शर्मा ने इतिहास रचने का काम किया है। उन्होंने ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, चेन्नई से कठिन प्रशिक्षण प्राप्त कर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति प्राप्त की। गांव सुई पहुंचने पर ग्राम वासियों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। चक्रपानी शर्मा का जन्म पंडित वसाऊ राम परिवार में 10-10-2004 को एक शिक्षित परिवार में हुआ। इनके पिता जयसिंह शास्त्री पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किरावड़ में संस्कृत अध्यापक हैं। चक्रपानी ने बारहवीं तक की शिक्षा नॉन-मेडिकल विषय से गांव के ही पीटीबीआरएम इंटरनेशनल स्कूल, सुई से प्राप्त की। इसके बाद एमएनएस राजकीय महाविद्यालय, भिवानी से बीएससी मैथ ऑनर्स में स्नातक किया। 25 सितंबर 2025 को तमिलनाडु ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, चेन्नई में उनका चयन हुआ। इसके बाद उन्होंने कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया और 5 सितंबर 2026 को अदम्य साहस एवं मेहनत का परिचय देते हुए प्रशिक्षण पूरा किया। 6 सितंबर 2026 को अपने गांव सुई पहुंचने पर सभी ग्रामवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। चक्रपानी शर्मा बहुमुखी प्रतिभा के धनी रहे हैं। उन्होंने विकट परिस्थितियों में भी समय को अपने अनुकूल बनाया। 31 अगस्त 2018 को सड़क दुर्घटना में उनकी माता जी का देहांत हो गया था। उनकी एक बड़ी बहन नैंसी है, जिन्होंने मेडिकल में नर्सिंग की पढ़ाई की है। दसवीं कक्षा में पढ़ते हुए ही दोनों बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया था। दिन-रात मेहनत और पढ़ाई करते हुए चक्रपानी के मन में सेना में जाने का सपना उनके बड़े भाई, नेवी में कमीशन अधिकारी राहुल शर्मा से प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने बड़े भाई से प्रेरणा ली।

मुख्यमंत्री ने संदीप शर्मा की किताब का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा की पावन धरा पर जन्में और राजकीय उच्च विद्यालय बोहल के मुख्य अध्यापक संदीप शर्मा द्वारा लिखित एक बहुत ही रोचक पुस्तक ''किचन से अंतरिक्ष तक'' का विमोचन हरियाणा के राजा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा कल बवानी खेड़ा में आयोजित उनकी विकास रैली के दौरान किया गया। संदीप शर्मा विज्ञान विषय में महारत लिए हुए हैं उन्होंने इस पुस्तक में भी रसोई घर से लेकर अंतरिक्ष तक घरेलू विज्ञान, हर कार्य के पीछे तर्क, वैज्ञानिक सोच को इस पुस्तक के माध्यम से आम जन को बताने का प्रयास किया है।

संदीप शर्मा इससे पहले भी अपने विज्ञान विषय के मॉडल प्रदर्शनी में बच्चों के द्वारा हासिल की गई राज्य, जिला व खंड की स्तर पर बच्चों की उपलब्धि के कारण भी पूरे खंड में पूरे हल्के में शिक्षा विभाग में चर्चा का केंद्र रहते है। इस उपलब्धि के पीछे की ताकत माता-पिता कमला देवी वह धर्मपाल शर्मा रिटायर्ड कला अध्यापक का आशिर्वाद व बड़े भाई जगदीश शर्मा प्राथमिक अध्यापक व बड़े भाई विजय जांगड़ा अंग्रेजी अध्यापक राजकीय उच्च विद्यालय भूरटाना की प्रेरणा है ।

दादरी में राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर पांच बेंच का किया गठन

चरखी दादरी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश-कम-चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देशराज चालिया के मार्गदर्शन में 12 सितंबर 2026, शनिवार को जिला न्यायिक परिसर दादरी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संजीव काजला ने बताया कि लोक अदालत के सुचारू संचालन और अधिक से अधिक मामलों के निपटारे के लिए पांच बेंचों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों को आपसी सहमति और समझौते के आधार पर निपटाने का प्रयास किया जाएगा।

पेयजल संकट के बीच अख्तियारपुरा को उपलब्ध कराया पानी का टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

गांव अख्तियारपुरा में लंबे समय से प्रभावित पेयजल आपूर्ति के चलते ग्रामीणों को हो रही परेशानी के बीच जिला परिषद की वाइस चेयरपर्सन रमेश देवी ने मंगलवार को पानी का टैंकर उपलब्ध करवाकर ग्रामीणों को तत्काल राहत पहुंचाई। टैंकर गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और जनहित के इस प्रयास के लिए रमेश देवी का शॉल भेंट कर सम्मान किया।

वाइस चेयरपर्सन रमेश देवी ने कहा कि वार्ड की जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास को कायम रखना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पानी जीवन की पहली आवश्यकता है और किसी परिवार को पेयजल के लिए परेशान होना पड़े, यह चिंता का विषय है। जहां भी तत्काल राहत की आवश्यकता होगी, वहां उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से मदद पहुंचाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर रमेश देवी के ससुर ईश्वर सिंह पटवारी साहुवास ने कहा कि जनता की मूलभूत जरूरतों को पूरा करना ही जनप्रतिनिधि होने की सार्थकता है।

भिवानी। गांव अख्तियारपुरा को पानी का टैंकर सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

कोट-उमरावत रोड पर 4 एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहरी क्षेत्र भिवानी में अवैध निर्माण एवं कॉलोनियों के खिलाफ जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा कार्रवाई की गई। विभाग ने हरियाणा स्टेट इंफोर्समेंट ब्यूरो थाना भिवानी के सहयोग से अभियान चलाकर मौजा कोट व उमरावत में कोट-उमरावत रोड पर करीब 4 एकड़ में फैली एक अवैध कॉलोनी में बने अवैध निर्माणों को हटाया। कार्रवाई के दौरान 4 चारदीवारी, एक डीपीसी तथा डिमार्केशन को तोड़ा गया। जिला नगर योजनाकार जयदीप खरब ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र, नियंत्रित क्षेत्र एवं अनुमोदित सडक़ों की हरित पट्टी में किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं किया जाना चाहिए। किसी भी भवन या अन्य निर्माण से पहले संबंधित विभाग से आवश्यक अनुमति लेना सुनिश्चित करें। विभाग द्वारा अवैध निर्माण एवं अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

12 को लगेंगी राष्ट्रीय लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लोक अदालत में लंबित मामलों तथा आपसी सहमति से निपटाए जा सकने वाले मामलों का त्वरित समाधान किया जाएगा

भिवानी के अलावा तोशाम, लोहारू और सिवानी में भी किया जाएगा आयोजन

जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगनदीप कौर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को जिला भिवानी सहित उपमंडल स्तर पर किया जाएगा। लोक अदालत में लंबित मामलों तथा आपसी सहमति से निपटाए जा सकने वाले मामलों का त्वरित समाधान किया जाएगा। लोक अदालत का आयोजन भिवानी के अलावा तोशाम, लोहारू और सिवानी में भी किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर न्यायिक अधिकारियों के साथ पैनल अधिक्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उन्होंने बताया कि फेमिली कोर्ट भिवानी की एडिशनल प्रिंसिपल जज रूपम की अध्यक्षता वाली पीठ में पेल अधिवक्ता प्रिया लेघा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ में पैनल अधिवक्ता अनुराधा खनगवाल तथा सामान्य अस्पताल से अस्थि रोग विशेषज्ञ डा. राकेश शर्मा को, एसीजेएम, भिवानी से जोगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ में पैनल अधिवक्ता शशी रंजन को नियुक्त किया गया है। सीजे(जेडी)-कम-जेएमआईसी भिवानी अंतरप्रीत सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ में पैनल अधिवक्ता गौतम, सीजे(जेडी)-कम-जेएमआईसी भिवानी, हार्दिक सचदेवा की अध्यक्षता वाली पीठ में पैनल अधिवक्ता अरविन्द सिंह श्योराण को नियुक्त किया गया है। उन्होंन बताया कि उपमंडल सिवानी में एसीजे(एसडी)-कम-एसडीजेएम धर्मपाल की अध्यक्षता वाली पीठ में पैनल अधिवक्ता सुन्दर लाल को, तोशाम में एसीजे(एसडी)-कम-एसडीजेएम सुनील कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ में पैनल अधिवक्ता संजय पांचाल को और लोहारू में एसीजे(एसडी)-कम-एसडीजेएम देवेन्द्र सिंह-1 की अध्यक्षता वाली पीठ में पैनल अधिवक्ता मनोज कुमार सैनी को नियुक्त किया गया है।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगनदीप कौर ने जरूरतमंद लोगों से अपील की है कि वे लोक अदालत का लाभ उठाएं और आपसी सहमति से मामलों का शीघ्र एवं सरल तरीके से निपटारा करवाएं।

बुजुर्ग पेंशनर्स का सम्मान करना सामाजिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा

70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ पेंशनर्स को किया सम्मानित

- कार्यक्रम में ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा ग्रामीण बैंक रिटायर्ड स्टाफ एंड पेंशनर्स एसोसिएशन ने सांस्कृतिक सदन में चौथा सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में भिवानी सहित हरियाणा के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने शिरकत की। समारोह में बैंक में अपनी अमूल्य सेवाएं दे चुके 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ पेंशनर्स को शॉल व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

समारोह में उपायुक्त साहिल गुप्ता ने बतौर मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की और अध्यक्षता हरियाणा ग्रामीण बैंक के चेयरमैन सुमंत कुमार ने की। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव राणा (एजीएम) और सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक वीरेंद्र सहरावत विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्यतिथि उपायुक्त साहिल गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बैंक कर्मचारियों का ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त बैंककर्मियों ने अपने कार्यकाल के दौरान ग्रामीण, गरीब और समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का अनुकरणीय कार्य किया है। बैंक सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद भी समाज के प्रति उनका अनुभव और मार्गदर्शन युवा पीढ़ी के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। बुजुर्ग पेंशनर्स का सम्मान करना हमारी सांस्कृतिक और सामाजिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। बैंक के चेयरमैन सुमंत कुमार ने कहा कि हरियाणा ग्रामीण बैंक जिस मुकाम पर खड़ा है, उसकी मजबूत नींव इन्हीं वरिष्ठ पेंशनर्स के अथक परिश्रम और निष्ठा से रखी गई थी।

एसोसिएशन के प्रधान एमपी कौशिक तथा संयोजक एवं कानूनी प्रकोष्ठ प्रभारी रिटायर्ड चीफ मैनेजर घनश्याम शर्मा ने समारोह की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि बैंक सेवा के माध्यम से जीवनभर समाज की सेवा करने वाले अपने बुजुर्ग साथियों को सम्मानित करना पूरी संस्था के लिए गर्व और आदर का क्षण है।

भिवानी। कार्यक्रम को संबोधित उपायुक्त साहिल गुप्ता और उपस्थितजन । फोटो : हरिभूमि

शिक्षा बोर्ड में 11 को होगी भूकंप आने पर बचाव की मॉक ड्रिल

भिवानी। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ द्वारा हरियाणाा विद्यालय शिक्षा बोर्ड परिसर में 11 सितंबर को भूकंप आने पर बचाव की मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। मॉक ड्रिल आयोजान को लेकर एडीसी दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में संबंधित विभागों की एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें मॉक ड्रिल की रूपरेखा तैयार की गई। एडीसी ने अलग-अलग विभागों को उनकी जिम्मेवारी सौंपी।

एडीसी ने तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि भूकंप जैसी किसी भी आपदा की स्थिति में जान-माल के नुकसान को कम करने के लिए कर्मचारियों और आमजन को पहले से जागरूक एवं प्रशिक्षित करना जरूरी है। उन्होंने ने कहा कि 11 सितंबर को शिक्षा बोर्ड में होने वाली भूकंप से बचाव की मॉक ड्रिल के दौरान सभी संबंधित विभाग अपने-अपने निर्धारित दायित्वों के अनुसार कार्य करें। मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा की स्थिति में विभागों की तैयारियों को परखना और कमियों को दूर करना है। एएनडीआरएफ के असिस्टेंट कमांडेंट अनिल कुमार ने कहा कि आपदा की स्थिति में शुरुआती समय में प्रभावित भवन एवं क्षेत्र के लोगों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि किसी भी बाहरी बचाव दल से पहले आपदा का संकेत उन्हें ही मिलता है।

खबर संक्षेप

खेल प्रतिभाओं ने विश्व में नाम कमाया: भोलू

भिवानी। भिवानी जिले की खेल प्रतिभाओं ने पूरे विश्व में नाम कमाया हैं और खेल के दम पर पूरे देश की अगुवाही की हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात में बनने वाली खेल युनिवर्सिटी भिवानी में बननी चाहिए, ये भिवानी पर सरकार की मेहरबानी नहीं, बल्कि भिवानी का हक हैं, ये बात संघर्ष समिति के पूर्व सदस्य समाजसेवी जितेन्द्र भोलू ने कही। भोलू ने कहा कि भिवानी के मुक्केबाजों ने ओलंपिक व कॉमनवेल्थ गेम्स में पूरे देश में एकतरफा उपलब्धि हासिल करके देश का नाम विश्व में चमकाया।

हरको बैंक के निदेशक को किया सम्मानित

भिवानी। ब्राह्मणा समाज सामाजिक कल्याण समिति ने कोंट रोड स्थित कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में हरियाणा राज्य सहकारी बैंक (हरको बैंक) के नवनियुक्त निदेशक देवकांत शर्मा को विशेष रूप से आमंत्रित कर स्मृति चिह्न भेंटकर एवं फूल मालाओं से उनका नागरिक अभिनंदन किया। समारोह को संबोधित करते हुए समिति के प्रधान अधिवक्ता सुनील शर्मा ने कहा कि देवकांत शर्मा का जीवन अत्यंत संघर्षमय और प्रेरणादायक रहा है, अपनी निष्ठा, कर्मठता और समाज के प्रति समर्पण के बल पर उन्होंने ये महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है।

पुलिस ने 67 वाहन जांचे 13 के किए चालान

चरखी दादरी। अपराधियों, नशा तस्करों और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा जिले की सीमाओं को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दादरी पुलिस ने बीती रात को विशेष इंटर-स्टेट नाका चेकिंग अभियान चलाया। दादरी-भिवानी रोड स्थित नाका कितलाना पर चलाए गए अभियान की कमान डीएसपी कप्तान सिंह ने संभाली। कमांडो दस्ते सहित 24 पुलिसकर्मियों की टीम पूरी रात नाके पर तैनात रही। इस अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 67 वाहनों की गहनता से जांच की। यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 13 वाहन चालकों के चालान किए।

जन्मदिन पर बच्चों को बांटी स्टेशनरी

चरखी दादरी। राजकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय कारी दास में विद्यालय मुख्य अध्यापक नसीब सिंह व प्राइमरी इंचार्ज अनिल कुमार की अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय में कार्यरत विज्ञान अध्यापक रविंद्र कुमार ने अपने जन्मदिन को बच्चों के बीच अनूठे अंदाज में मनाते हुए छात्र-छात्राओं को पेंसिल, रबर, कटर, कॉपी सहित अन्य स्टेशनरी सामग्री भेंट की।

विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति का दिलाया संकल्प

भिवानी। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनजागरण अभियान के तहत मंगलवार को गांव भानगढ़ स्थित पीएमश्री राजकीय वमा विद्यालय में प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म, नैतिक संस्कार, राष्ट्रभक्ति एवं नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से संवाद स्थापित किया,जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं विहिप के जिला मंत्री गोपाल तंवर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति और नैतिक संस्कार ही व्यक्ति के चरित्र की मजबूत नींव होते हैं।

भारीवास गांव में मनाया गया अन्नप्राशन दिवस

तोशाम। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार को गांव भारीवास में अन्नप्राशन दिवस मनाया गया। आंगनवाड़ी केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में सुपरवाइजर पंकज शर्मा ने बच्चों के समुचित विकास के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छह माह की आयु पूरी होने के बाद बच्चों को मां के दूध के साथ उचित ऊपरी आहार देना आवश्यक है।

नप के अनुसार अंतिम नोटिस के बाद पक्ष रखने का अवसर दिया जाएगा

143 हड़तालियों को अंतिम नोटिस की तैयारी, 10 कर्मचारी काम पर लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

शहर में सफाई कर्मचारियों की जारी हड़ताल के बीच नगर परिषद ने अब सख्त कदम उठाने की तैयारी शुरू कर दी है। हड़ताल पर चल रहे 143 सफाई कर्मचारियों को बुधवार को अंतिम कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने की संभावना है। प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को ड्यूटी पर लौटने के लिए अंतिम अवसर दिया जाएगा। नोटिस मिलने के अगले दिन कर्मचारियों को अपना जवाब देना होगा।

जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने और कर्मचारी ड्यूटी पर वापस नहीं लौटते हैं तो नियमानुसार सेवामुक्त करने की कार्रवाई की जा सकती है। इससे पहले नगर परिषद ने हड़ताली कर्मचारियों को पांच दिन के अंदर काम पर लौटने के निर्देश देते हुए नोटिस जारी किए थे। नोटिस का असर अब दिखाई देने लगा है। इसके बाद एक स्थायी कर्मचारी और एक पालिका रोल कर्मचारी ने ड्यूटी ज्वाइन कर ली है। दोनों कर्मचारियों के काम पर लौटने के साथ हड़ताल से वापस लौटकर ड्यूटी संभालने वाले कर्मचारियों की संख्या 10 हो गई है। हालांकि अभी भी 143 कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हैं। नगर परिषद के अनुसार अंतिम नोटिस के बाद कर्मचारियों को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाएगा।

उनके जवाब और ड्यूटी पर लौटने की स्थिति की समीक्षा के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की ओर से सेवा संबंधी कार्रवाई से पहले सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने की बात कही गई है। लंबे समय से सफाई कर्मचारियों के काम से दूर रहने का सीधा असर शहर की सफाई व्यवस्था पर पड़ रहा है। नियमित सफाई और घरों व कचरा प्वाइंटों से कचरा उठाने की व्यवस्था प्रभावित होने के कारण शहर के कई हिस्सों में गंदगी के ढेर दिखाई दे रहे हैं। गर्मी और उमस के बीच कचरे से दुर्गंध उठने लगी है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

चरखी दादरी। नगर परिषद परिसर में धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते कर्मचारी नेता व दादरी के पुराना डाकघर के समीप लगा कचरे का ढेर।

143 कर्मियों को दिया जाएगा अंतिम नोटिस

दादरी नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता एवं कार्यवाहक मुख्य सफाई निरीक्षक वाशु सांगवान का कहना है कि हड़ताल पर बैठे 143 सफाई कर्मचारियों को बुधवार को अंतिम कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा। कर्मचारियों को नोटिस मिलने के अगले दिन अपना जवाब देना होगा।

प्रशासन ने 4 कर्मियों को देने चाहे नोटिस नहीं लेने पर धरना स्थल पर चस्पाए

एस्मा कानून लगा टर्मिनेशन एवं सस्पेंशन के नोटिसों को नहीं लेने का संघ ने लिया फैसला

भिवानी। नपा कर्मचारी संघ एवं हरियाणा अग्निशमन कर्मचारी यूनियन की संयुक्त अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को 34वें दिन में प्रवेश कर गई हैं। सरकार व प्रशासन द्वारा कर्मियों पर हड़ताल खत्म कर काम पर लौटने का दबाव बनाया जा रहा हैं। नप प्रशासन ने हड़ताल खत्म नहीं करने पर एस्मा (आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम) कानून के तहत टर्मिनेशन के चार कर्मियो को नोटिस देने चाहे, लेकिन कर्मचारी संघ के फैसले अनुसार किसी भी कर्मचारी ने नोटिस रिसीव नहीं किये, जिसके बाद नप प्रशासन ने चारों कर्मियों के नोटिस धरनास्थल पर चस्पा कर दिए। नप प्रशासन द्वारा चस्पाएं नोटिस अनुसार तीन दिन के अंदर कर्मियों को स्पष्टीकरण देना होगा, अन्यथा नोटिस का स्पष्टीकरण नहीं देने एवं हड़ताल खत्म कर काम पर नहीं लौटने की एवज में उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी की चेतावनी दी गई। मंगलवार को कर्मचारी संघ व अग्निशमन यूनियन का धरना 34वें दिन भी जारी रहा और कर्मियों ने प्रशासन व सरकार की वादा खिलाफी एवं कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में रोष जताया।

नप प्रशासन ने हड़ताल में शामिल नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रधान शेरसिंह, संघ के पूर्व प्रधान विजय, उपप्रधान भारत व सूरज को एस्मा कानून के तहत टर्निनेशन के नोटिस देने चाहे, लेकिन कर्मियों ने कर्मचारी संघ के फैसले अनुसार नोटिस रिसीव नहीं किए। हड़ताली कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव व अग्निशमन यूनियन के जिलाध्यक्ष अजय श्योराण ने कहा कि सरकार व प्रशासन कितना भी दबाव बना लें, कर्मचारी झुकने एवं टूटने वाले नहीं हैं। इस मौके पर कामरेड ओमप्रकाश सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सचिव अशोक पिलानिया, सकसं जिला प्रधान सुमेर सिंह आर्य, सकसं के ब्लॉक प्रधान अशोक गोयत, नपा कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव आदि मौजूद रहे।

तीनों विभागों के अधीक्षण अभियंताओं के जरिए प्रमुख अभियंता को सौंपेंगे ज्ञापन

भिवानी। हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की भिवानी जिला कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को बड़ चौक स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान अनिल कुमार बागड़ी ने की, जबकि मंच संचालन जिला सहसचिव सुरेंद्र प्रजापति और राज्य संगठन सचिव सुशील आलमपुर ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी के भिवानी आवास तथा लोकनिर्माण एवं पब्लिक हेल्थ मंत्री रणबीर गंगवा के हिसार स्थित आवास पर कर्मचारियों द्वारा किए प्रदर्शनों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय करते हुए आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया। यूनियन के राज्य उपप्रधान व मुख्य वक्ता अफलातून जाखड़ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठा रहे हैं, लेकिन सरकार और संबंधित विभाग लगातार उपेक्षापूर्ण रवैया अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय रहते संगठन के साथ बातचीत कर कर्मचारियों के मांग-मुद्दों का समाधान नहीं निकाला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। 16 सितंबर को राज्यभर में अधिकारी स्तर पर चेतावनी दी जाएगी और उसके बाद भी हल न निकला तो 24 अक्टूबर से पब्लिक हेल्थ मंत्री रणबीर गंगवा के हिसार आवास पर कर्मचारी अनिश्चितकालीन पड़ाव डालने को मजबूर होंगे। जिला प्रधान अनिल कुमार बागड़ी ने आंदोलन की रणनीति साझा करते हुए बताया कि आगामी 16 सितंबर को सिंचाई विभाग, पब्लिक हेल्थ और बीएंडआर विभाग के अधीक्षण अभियंताओं के माध्यम से प्रमुख अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। बैठक में राज्य उपप्रधान सूरजभान जटासरा, राज्य सहसचिव संदीप सौरखी, राज्य उपप्रधान शिवकुमार धानक तथा जिला उपप्रधान रामशरण खुंडिया आदि ने आगामी आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

लोहारू में गंदे पानी की सप्लाई से लोग नाराज

■ सोशल मीडिया पर दिनभर लोगों ने प्रशासन को कोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

शहर के विभिन्न हिस्सों में पिछले एक सप्ताह से हो रही कथित गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई को लेकर जन-आक्रोश चरम पर पहुंच गया है।

दूषित जल आपूर्ति से परेशान लोगों ने जलघर और प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर की है। सोशल मीडिया पर दिनभर लोग प्रशासन को कोसते नजर आए। गुस्साए लोगों ने कहा कि समय रहते पीने के पानी सप्लाई व्यवस्था को ठीक नही किया तो शहर के लोग सडक़ों पर उतरने को मजबूर होंगे।

विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों और शहर के कई वार्डों के लोगों ने बताया कि पिछले करीब सात दिनों से नलों में पीला और बदबूदार पानी आ रहा है, जो पीने तो क्या, नहाने और कपड़े धोने के उपयोग में भी नहीं लाया जा सकता। ऐसे में लोगों को पीने के पानी के लिए कैंपर खरीदने पड़ रहे हैं। संजय खंडेलवाल, समस्या समाधान संगठन के प्रदीप सैनी, डॉ अनिल जोशी सहित शहर के अनेक लोगों का कहना है कि गंदे पानी के सेवन से बच्चों और बुजुर्गों में पेट दर्द, उल्टी-दस्त और त्वचा संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

लोहारू। नलों से सप्लाई का उगलता गंदा पानी। *फोटो : हरिभूमि*

गंदे पानी की निकासी को लेकर ग्रामीणों में रोष

बाढड़ा। निमड़-बड़ेसरा गांव के ग्रामीणों ने मुख्य रास्ते पर लंबे समय से जमा गंदे एवं बरसाती पानी की निकासी की मांग को लेकर रोष जताया। ग्रामीणों ने मौके पर एकत्रित होकर प्रशासन से समस्या का जल्द समाधान करवाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव के कारण उन्हें रोजाना आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उपमंडल अधिकारी (नागरिक) बाढड़ा को शिकायत देकर बताया कि दोनों गांवों के मुख्य रास्ते पर सडक़ के पास गंदा पानी और बरसात का पानी काफी मात्रा में जमा हो जाता है। पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण रास्ते पर जलभराव की स्थिति बनी रहती है।

एडीसी ने प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर नियुक्त किए नोडल अधिकारी

भिवानी। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में एचपीवी टीकाकरण अभियान की समीक्षा बैठक ली। एडीसी ने एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूकता को लेकर समीक्षा बैठक में ही प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए। उन्होंने किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान में तेजी लाने के लिए दिए निर्देश। उन्होंने कहा कि पीटीएम में अभिभावकों को एचपीवी टीकाकरण के लिए जागरूक किया जाए और बेटियों को टीकारण के लिए किया जाए।

धरने के बाद सांगा स्कूल में लंबित साइंस लैब का काम शुरू का भरोसा

भिवानी। गांव सांगा के राजकीय विद्यालय में पिछले तीन वर्षों से लंबित पड़ी साइंस लैब के निर्माण की मांग को लेकर मंगलवार को विद्यार्थियों ने सीजेपी की अगुवाई में स्कूल गेट पर धरना शुरू कर दिया। विद्यार्थियों के इस आंदोलन का असर यह रहा कि धरना शुरू होने के महज दो घंटे के भीतर जेई और ठेकेदार मौके पर पहुंचे, निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और लैब का निर्माण कार्य दोबारा शुरू करवा दिया। प्रशासन और निर्माण एजेंसी की ओर से विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि अगले ढाई महीने के भीतर साइंस लैब का निर्माण पूरा कर दिया जाएगा। सीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर सांगवान ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकारी स्कूलों में पढने वाले विद्यार्थियों को अपनी बुनियादी शैक्षणिक सुविधाओं के लिए भी धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि साइंस लैब केवल एक कमरा नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रैक्टिकल एजुकेशन और उनके भविष्य से जुड़ी बुनियादी सुविधा है।

यूको बैंक की मुख्य शाखा नए भवन में शुरू मुख्य जनरल प्रबंधक ने किया उद्घाटन

■ यूकों बैंक 57 वर्षों से भिवानी की जनता को दे रहा सेवाएं: रजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

यूको बैंक की मुख्य शाखा कृष्णा कॉलोनी मोड़ खुराना अस्पताल के पास अपनी नई एवं आधुनिक बिल्डिंग में स्थानांतरित हुई। यूको बैंक के चीफ जनरल मैनेजर अभिमन्यु रजक ने बैंक के नए भवन का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर करनाल जोन के डीजीएम एवं जोनल हैड दीपक जैन तथा एजीएम अभिजीत दयाल आदि उपस्थित रहे। अभिमन्यु रजक ने अपने संबोधन में कहा कि बैंक की पहली शाखा 1969 में हालु बाजार भिवानी में खुली थी। इसके बाद 1972-73 में उसे गणपतराय अस्पताल नेहरू पार्क के सामने बैंकिंग स्क्वैयर में स्थानांतरित किया गया और अब ये अपने नये भवन कृष्णा कॉलोनी मोड़ पर स्थानांतरित हुई हैं। रजक ने कहा कि भिवानी शहर में यूको बैंक की तीन शाखाएं कृष्णा कॉलोनी मोड मुख्य शाखा, हलवासिया स्कूल व बीटीएम रोड रामनगर में शाखाएं संचालित हैं। वर्तमान में कार लोन, गोल्ड लोन, होम लोन, एजुकेशन लोन तथा एमएसएमई लोन सहित विभिन्न ऋण सुविधाएं आकर्षक ब्याज दरों पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

श्रीश्याम जयंती महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

श्रीश्याम के भजनों से सराबोर हुई छोटी काशी

कलाकारों ने सुंदर झांकियों की भी प्रस्तुतियां दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

नई अनाजमंडी में श्रीसांवरिया प्रेम मंडल द्वारा श्रीश्याम जयंती महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ किया। महोत्सव में बतौर मुख्यतिथि भिवानी विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने शिरकत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रीश्याम भक्तों ने पहुंचकर बाबा श्रीश्याम के दरबार में शीश नवाया और भजन संध्या का आनंद लिया। महोत्सव में देशभर से पहुंचे प्रसिद्ध भजन कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर कलाकारों ने सुंदर झांकियों की भी प्रस्तुतियां दी।

भिवानी। श्रीश्याम जयंती महोत्सव में बाबा का गुणगान करती कलाकार।

भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे

मुख्यतिथि विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने कहा कि भिवानी की जनता धार्मिक आयोजनों में बढ़ चढ़कर भाग लेती हैं और प्रतिदिन धार्मिक आयोजन होते रहते हैं, इसीलिए भिवानी को छोटी काशी के नाम से जाना जाता हैं। महोत्सव में जयपुर से रजनी राजस्थानी, कोलकाता से भजन सम्राट संजय मित्तल तथा छोटा खाटू धाम, नजफगढ़ से बंटू भैया ने बाबा श्याम का गुणगान किया। कलाकारों के भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। भक्ति गीतों और बाबा श्रीश्याम के जयकारों से पूरी नई अनाजमंडी छोटी काशी श्रीश्याम रंग में रंग गई। समारोह की अध्यक्षता नरेश कुमार अग्रवाल ने की। आयोजन में विधायक राजवीर फरटिया, सावित्री देवी गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, रामनिवास गुप्ता, अनिल शर्मा, नीरज बासिया, धर्मेश शाह, मनीष गोयल, मनोज कुमार गर्ग, देवराज तोशामीया व नंदकिशोर अग्रवाल आदि ने शिरकत की। आयोजकों ने कहा कि श्रीश्याम बाबा की कृपा से आयोजन लगातार 23वें वर्ष श्रद्धा एवं भक्ति के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव के समापन तक हारे का सहारा, बाबा श्रीश्याम प्यारे के जय जयकारे गूंजते रहे। इस मौके पर मंडल के संरक्षक राजेश गुप्ता, नन्दलाल हलवासिया, राजेश मित्तल, प्रधान नरेश कितलानिया, बिशनस्वरूप गोयल, रामचन्द्र मित्तल, मोहन लाल अग्रवाल, जयकिशन बंसल, सुनील कुमार वशिष्ठ, गणेश गुप्ता, रमेश कितलानिया आदि मौजूद रहे। महोत्सव के दौरान बाबा श्रीश्याम को 56 भोग अर्पित किया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

न्यूज डायरी

शिक्षण उपकरणों के उपयोग की दी जानकारी

भिवानी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में एससीईआरटी के निर्देशानुसार डीईओ दादरी एवं डाइट प्राचार्य धर्मेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय सतत व्यावसायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न शैक्षणिक, मनोवैज्ञानिक एवं विषयगत पहलुओं से अवगत करवाते हुए शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने पर विशेष जोर दिया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में प्राप्त अनुभवों एवं सीख को सांझा किया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों, गतिविधियों व प्रायोगिक कार्यों को अत्यंत उपयोगी एवं शिक्षण कार्य में सहायक बताया। वरिष्ठ प्रवक्ता एवं प्रशिक्षण प्रभारी नवरत्न पांडे ने अध्यापक, अध्यापन, चुनौतियां, दायित्व एवं अपेक्षाओं पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि अध्यापक की भूमिका केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है।

कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं : सीजेएम

तोशाम। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार ने कहा है कि किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर करता है। देश तभी आगे बढ़ता है जब भावी पीढ़ी आगे बढ़ती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आहवान किया कि सकारात्मक व ऊंची सोच के साथ आगे बढ़ें, सफलता स्वयं कदमों में होगी। सीजेएम ने कहा कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है, सफलता प्राप्त करने में समर्पण, प्रयास और दृढ़ता के महत्व पर बल दें। वे मंगलवार को वीर शहीद ईश्वर सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर आयोजित कानूनी साक्षरता से समृद्धि की ओर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री समेत जनप्रतिनिधियों का स्वागत

बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा मार्केट कमेटी के चेयरमैन राजेंद्र हंस के निवास पर रविवार को उस समय आत्मीय माहौल बन गया, जब प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने स्नेहपूर्वक पहुंचकर दोपहर के भोजन का आतिथ्य स्वीकार किया। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री श्रुति चैधरी, सांसद धर्मबीर सिंह, विधायक कपूर वाल्मीकि, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक एवं मीना परमार भी मौजूद रहे। इस दौरान राजेंद्र हंस ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और अपने निवास पर पधारकर भोजन का आतिथ्य स्वीकार करने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को किया सम्मानित

बवानीखेड़ा। गांव बोहल के राजकीय उच्च विद्यालय ने खेल प्रतियोगिताओं में खंड स्तर पर सत्रह पोजीशन प्रथम स्थान की प्राप्त की। विद्यायल ने बोर्ड परिणा में भी 28 मेरिट देकर पूरे खंड को हस्तप्रभ कर दिया था। विद्यालय के मुखिया संदीप शर्मा ने बच्चों का प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यालय पहुंचने पर फूल मालाओं के साथ व इनाम के साथ बच्चों का स्वागत किया पूरा विद्यालय बच्चों की इस उपलब्धि पर काफी गर्वित है ।

सूखे की मार से किसान बेहाल: राजबीर

चरखी दादरी। जननायक जनता पार्टी किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन राजबीर फोगाट ने प्रदेश में बारिश की कमी के चलते बने सूखे के हालात पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि बारिश नहीं होने से किसानों की फसलें बर्बादी की कगार पर पहुंच गई हैं और सरकार इस गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि बधवाना माइनर में पानी नहीं आने से किसानों की फसलें सूख रही हैं। राजबीर फोगाट ने कहा कि सरसों की बिजाई का समय नजदीक है, मगर किसानों को डीएपी खाद के लिए घंटों लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है। दो बैग डीएपी लेने के लिए भी किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है और कई बार उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। उन्होंने स्थानीय विधायक से बधवाना नहर में जल्द पानी छुड़वाने की मांग की। साथ ही सभी नहरों व माइनरों में पानी छोड़ने और पीने के पानी की व्यवस्था करने की अपील की। उन्होंने सरकार से सूखे की तत्काल गिरदावरी करवाकर किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की।

खबर संक्षेप

स्व. जगदीश की पुण्य तिथि पर रक्तदान कल

भिवानी। नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था (रजि.) द्वारा वार्ड नंबर-25 के पार्षद विनोद प्रजापति के पिता स्व. जगदीश ठेकेदार की पुण्यतिथि पर रक्तदान कैंप का आयोजन कल 10 सितंबर वीरवार को सुबह 9:00 बजे समर्पण चैरिटेबल ब्लड बैंक, रोहतक गेट, हलवासिया विद्या विहार के साथ वाली गली, भिवानी में किया जाएगा। संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी एवं पार्षद विनोद प्रजापति ने बताया कि कैंप में सिद्ध पीठ बाबा जहर गिरी आश्रम के पीठाधीश्वर अंतरराष्ट्रीय श्री महंत डॉ. अशोक गिरी का सानिध्य रहेगा।

पुलिस ने हथियार सप्लायर को किया गिरफ्तार

भिवानी। सीआईए स्टाफ-2 की टीम ने अवैध हथियार सप्लाई करने के मामले में आरोपी दीपक निवासी हालुवास गेट को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के बाद जांच में शामिल किया है। इससे पहले पुलिस ने अरविंद उर्फ केजरीवाल को एक देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था।पुलिस के अनुसार, अरविंद ने पूछताछ में बताया था कि उसने हथियार और कारतूस दीपक से लिए थे।

बिना मान्यता चल रहे निजी स्कूलों में हड़कंप

बवानीखेड़ा। क्षेत्र में बिना मान्यता संचालित बताए जा रहे कुछ निजी स्कूलों को लेकर चर्चाएं फिर तेज हो गई हैं। शिक्षा विभाग की सख्ती और निगरानी बढ़ने के बीच स्कूल संचालकों में भी चिंता की स्थिति है। इसी बीच खुद को पदाधिकारी बताने वाले एक व्यक्ति की सक्रियता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कुछ स्कूल संचालकों का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति के पास किसी विभाग, संस्था या संगठन का अधिकृत पद है तो उसे पद और अधिकार स्पष्ट करना चाहिए। वहीं, संबंधित व्यक्ति द्वारा कथित तौर पर किसी अन्य के नाम से जुड़ी मान्यता या अनुमति पर प्रभाव जमाने के प्रयास की चर्चाएं भी हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू, चिकनगुनिया व स्वाइन फ्लू के लिए अलग से वार्ड बनाया

जिले में 12 लोग स्वाइन फ्लू से ग्रस्त, 11 हुए ठीक, एक का हिसार में चल रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भले ही ज्यादा बारिश न हुई हो,लेकिन मौसम में आए बदलाव ने नई नई बीमारियों को जन्म दे दिया। दिन में गर्मी व रात को गुलाबी ठंड की वजह से स्वाईन फ्लू ने अपने पैर पसारने शुरू कर दिए। मौसम में आए एकदम बदलाव की वजह से भिवानी में अभी तक 12 स्वाईन फ्लू के केस आ चुके है। ये सभी मरीज भिवानी जिले से संबंध रखते है,लेकिन इनमें से 11 मरीज ठीक होकर अपने घर जा चुके है,लेकिन एक मरीज अभी भी उपचाराधीन है। वह हिसार के एक निजी अस्पताल में दाखिल है। इस बारे में वहां के स्वास्थ्य विभाग ने भिवानी स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी है। ताकि इस बारे में ऐहतियात बरती

भिवानी। सामान्य अस्पताल में स्थापित किया गया अलग वार्ड ।

जा सके। मंगलवार को अस्पताल प्रशासन के पास स्वाईन फ्लू से पीडितों की संख्या का आंकड़ा 12 पहुंचने के बाद हड़कम्प मच गया। हालांकि भिवानी में केवल दो मरीज है,लेकिन मूल रूप से भिवानी के रहने वाले 10 मरीज अन्य जिलो में दाखिल थे। उनके बारे में भी अस्पताल प्रशासन को सूचना दी गई। अभी तक जितने भी स्वाईन फ्लू से पीडित मिले। उनमें से 11 ठीक होकर अपने घर चले गए। एक मरीज हिसार के एक निजी अस्पताल में दाखिल है। भिवानी अस्पताल में कोई भी मरीज दाखिल नहीं है,लेकिन उसके बावजूद भी भिवानी अस्पताल में एक अगल से वार्ड स्थापित किया गया है। यहां यह बताते चले कि अभी तक स्वास्थ्य विभाग ने 21 लोगों के सेम्पल लिए थे,जिनमें से 12 पॉजिटिव मिले थे,बाकी नौ की रिपोर्ट नगेटिव आई थी। 11 ठीक होकर अपने घर चले गए,जबकि एक हिसार अस्पताल में दाखिल है।

24 घंटे मरीजों की देखभाल होगी

स्वाइन फ्लू से पीड़ितों की संख्या बढने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने इनको दाखिल करने के लिए अलग से वार्ड स्थापित किया गया है। इस वार्ड में अलग से चिकित्सकों की डयूटी रहेगी और इनके साथ साथ अन्य स्टाफ भी वहां पर तैनात किया गया है। जो कि 24 घंटे मरीजों की देखभाल करेंगी। उक्त वार्ड में 12 कमरे है। प्रत्येक कमरे में दो मरीजों को रखे जाने की व्यवस्था की गई है। कमरों व मरीजों की संख्या के हिसाब से चिकित्सकों व अन्य स्टाफ की डयूटी लगाई गई है। हालांकि इसी वार्ड में डेंगू, चिकनगुनिया के मरीज भी दाखिल होंगे,लेकिन प्राथमिकता स्वाईन फ्लू से पीडितों की रहेगी।

तीन-चार दिन स्वयं को अलग रखें

चिकित्सकों के अनुसार स्वाईन फ्लू तीन से चार दिनों तक ज्यादा परेशान करता है। इस दौरान मरीज अपने आप को अलग कमरे में रखे। दूसरे व्यक्तियों के सम्पर्क में न आए। चूंकि स्वाइन फ्लू खासने, छिंकने, थूकने व एक दूसरे के सम्पर्क में आने से ज्यादा फैलता है। चिकित्सकों के अनुसार इस दौरान स्वाईन फ्लू से पीडित अपने आप को आईसोलेटिड तो करें साथ में मुंह पर मास्क लगाए। ताकि उसके सम्पर्क में आने वाले व्यक्ति संक्रमित न हो सके। सवाधानी बरत कर ही स्वाइन फ्लू के संक्रमण से बचा जा सकता है।

अब अवैध पानी-सीवरेज कनेक्शनों का होगा सर्वे

■ पानी कनेक्शन 1000, सीवरेज 500 और दोनों के लिए 1500 रुपये शुल्क निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

शहर में पानी और सीवरेज व्यवस्था को नियमित करने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग ने घर-घर कनेक्शन अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत विभाग की टीमें विभिन्न कॉलोनियों में जाकर मकानों का सर्वे करेंगी और अवैध रूप से पानी व सीवरेज लाइन का इस्तेमाल कर रहे उपभोक्ताओं को कनेक्शन नियमित करवाने के लिए प्रेरित करेंगी। विभाग का शुरुआती फोकस दादरी शहर के बाहरी क्षेत्रों और तेजी से विकसित हो रही कॉलोनियों पर रहेगा। टीमें घर-घर जाकर लोगों को नए कनेक्शन लेने की प्रक्रिया, निर्धारित शुल्क और उपलब्ध भुगतान विकल्पों की जानकारी देंगी। साथ ही अवैध कनेक्शनों को नियमित करवाने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। अभियान के दौरान विभाग मकानों और कनेक्शनों का पूरा रिकॉर्ड तैयार करेगा, ताकि शहर में पानी व सीवरेज व्यवस्था को व्यवस्थित किया जा सके। विभाग के अनुसार पेयजल कनेक्शन के लिए 1000 रुपये, सीवरेज कनेक्शन के लिए 500 रुपये और दोनों कनेक्शन एक साथ लेने पर 1500 रुपये शुल्क निर्धारित है। फिलहाल रोड कट चार्ज पूरी तरह माफ किया गया है। भविष्य में रोड कट के लिए करीब 10 हजार रुपये तक शुल्क लग सकता है। उपभोक्ता निर्धारित राशि एकमुश्त जमा करा सकता हैं।

विभागीय टीमों के सहयोग की अपील

विभाग के कार्यकारी अभियंता सोहनलाल के निर्देशों के बाद उपमंडल अभियंता मुकेश ने विभागीय स्टाफ के साथ बैठक कर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कर्मचारियों को अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने और अधिक से अधिक घरों को वैध पानी-सीवरेज व्यवस्था से जोड़ने के निर्देश दिए। एसडीओ मुकेश ने शहरवासियों से विभागीय टीमों का सहयोग करने की अपील की।

रोडवेज बंद होने से प्राइवेट बसों पर निर्भर हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

बहल से हिसार रूट पर चलने वाली प्राइवेट बसों में विद्यार्थियों को जारी किए गए पास कथित रूप से स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं। पास की मान्यता को लेकर बस परिचालक और विद्यार्थियों की आपसी बहस का वीडियो भी सामने आया है। विद्यार्थियों ने मामले की शिकायत सीएम को भेजी है। बहल से हिसार रूट पर सफर करने वाले राहुल, राजेश सहित ने विद्यार्थियों ने आरोप लगाया है कि सरकार की ओर से जारी वैध छात्र बस पास होने के बावजूद रूट पर चलने वाली कुछ प्राइवेट बसों में पास स्वीकार नहीं किया जा रहा है। बस परिचालकों द्वारा उनसे पूरा किराया मांगा जाता है और विरोध करने पर अभद्र व्यवहार भी किया जाता है। इस मामले में क्षेत्र की सात ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने विद्यार्थियों का पक्ष लेते हुए उनकी शिकायत पर हस्ताक्षर कर उनका समर्थन किया है।

पंचायतों का समर्थन

प्राइवेट बस संचालकों द्वारा सरकार द्वारा जारी बसों को अस्वीकार किए जाने पर अब ग्रामीण क्षेत्र की पंचायतें भी विद्यार्थियों के समर्थन में सामने आई हैं। बहल, पातवान, झुप्पा कलां, गरवा, झुप्पा खुर्द, बड़वा और मुकलान खुर्द ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने विद्यार्थियों की शिकायत पर मोहर और हस्ताक्षर कर उनकी मांगों का समर्थन किया है। पंचायत प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों की समस्या का जल्द समाधान करवाने की मांग की है।

नया बाजार 11 केवी फीडर आज सुबह 10 बजे से रहेगा बंद

भिवानी। नया बाजार स्थित 11केवी फीडर बुधवार को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगा, जिसके चलते इसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद रहेगी। सुरेंद्र फोरमैन ने बताया कि नौ सितंबर बुधवार को नया बाजार स्थित 11केवी फीडर पर तार व केबल बदलने का कार्य किया जाना हैं, जिसके चलते फीडर की बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी और इसके अंतर्गत आने वाले रामनगर कॉलोनी, चिरंजीवी कॉलोनी, जाट धर्मशाला कॉलोनी, विजय नगर, हांसी गेट, नया बाजार लम्बी गली व सरोगियान ढाणी क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन का वार्षिक शिक्षक सम्मान समारोह

शिक्षक समाज की नींव, इनका ध्यान रखें: धर्मबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा में अपना वार्षिक उत्कृष्ट शिक्षक समारोह 2026 का आयोजन किया। समारोह में भिवानी जिले के प्राइवेट स्कूलों में पढ़ा रहे उन शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने स्कूलों में क्वालिटी एजुकेशन को बढ़ावा देने में सार्थक और रचनात्मक योगदान दिया। इस अवसर पर भिवानी महेंद्रगढ़ सांसद धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता भाजपा उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक दीपक मंगला ने की। विशिष्ट अतिथि

भिवानी। शिक्षक को सम्मानित करते सांसद धर्मबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

के रूप में पूर्व मंत्री और भिवानी विधायक घनश्याम सर्राफ, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने टीचर्स को शाल के साथ सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें एसोसिएशन की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। राम अवतार शर्मा ने बताया कि एसोसिएशन न सिर्फ स्कूलों के हितों की बात करता है, न सिर्फ बच्चों के सर्वांगीण विकास की बात करता है।

नई स्किल्स विकसित करें

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ ने कहा कि शिक्षकों की यह कोशिश रहनी चाहिए कि आज और आने वाले समय की जरूरत के हिसाब से बच्चों को शिक्षित करें। उन्हें नई-नई स्किल्स विकसित करने में मदद करें।